शुक्लागंज में पांच जगह मारपीट,कई घायल

शुक्लागंज (उन्नाव)। सोमवार को गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पांच मोहल्लों और गांवों में आपसी विवाद, जुआ खेलने के विरोध और नाली के विवाद में मारपीट की घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में महिलाओं समेत कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाकर जांच शुरू कर दी है। गांधीनगर में दो पक्षों के विवाद में बीच-बचाव करने पहुंची क्रांति सिंह और उनके दो बेटों आदित्य व अर्नव पर हमला कर दिया गया। तीनों के सिर में चोटें आईं। पीपरखेड़ा में गाली-गलौज का विरोध करने पर हुए हमले में पंकज और श्लोक घायल हो गए। वहीं पोनी रोड स्थित गंगानगर में घरों के बाहर जुआ खेलने और अभद्रता का विरोध करने पर दबंगों ने पथराव कर दिया। बिझलामऊ में नाली विवाद को लेकर राहुल यादव, उनकी पत्नी सीता देवी और भतीजे राज पर धारदार हथियारों से हमला किया गया। तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चंपापुरवा में जुए के विवाद ने मंगलवार को फिर हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

मूर्ति खंडित करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

अजगैन, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के झलिहई गांव स्थित मंदिर में स्थापित बालाजी सरकार की मूर्ति खंडित किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। राजाबाग चौकी प्रभारी महेश सिंह तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। तनाव की आशंका को देखते हुए उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से रात में ही मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू करा दिया। साथ ही नई मूर्ति भी मंगवाई गई, ताकि जल्द दोबारा पूजा-अर्चना शुरू हो सके। मामले की जानकारी पर कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी है।

चौकीदार की मौत,परिवार में कोहराम

असोहा, उन्नाव। असोहा-कांथा मार्ग पर मालाखेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार चौकीदार की मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। कतेहरू गांव निवासी जगन्नाथ स्थानीय थाने में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार दोपहर वह साइकिल से ड्यूटी के लिए थाने जा रहे थे। मालाखेड़ा गांव के पास नहर के निकट असोहा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल जगन्नाथ को राहगीरों ने पुलिस की मदद से सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी सुशीला देवी और पुत्र अमरपाल, रवि, दीपक व दीपू सहित बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुत्र अमरपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बाइक और चालक की तलाश की जा रही है।

कार्यालय नगर पंचायत हैदराबाद, जनपद-उन्नाव

पत्रांक: 292/सी0ज0नि0यो0/नि0प्र0/न0पं0है0/2026-27 दिनांक: 07.11.2026

ई-निविदा सूचना

कार्यालय नगर पंचायत हैदराबाद, उन्नाव द्वारा ई-निविदा पोर्टल (http://etender.up.nic.in) पर ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त बिड डाक्यूमेन्ट नियमश्शर्ते तथा निविदा प्रपत्र उल्लिखित ई-निविदा पोर्टल पर दिनांक 10.11.2026 से 30.11.2026 तक उपलब्ध है तथा दिनांक 01.12.2026 को ई-निविदा खुलने का समय प्रात: 11:00 बजे है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत हैदराबाद, उन्नाव से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी **अध्यक्ष**

नगर पंचायत हैदराबाद, उन्नाव। **नगर पंचायत हैदराबाद, उन्नाव।**

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के रुझई गांव निवासी अतुल कुमार (57) की छत्तीसगढ़ के रायपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पत्नी की आशंका पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अतुल कुमार पुत्र बाबूलाल ट्रक चलाते थे। उनके अन्य ट्रक भी रायपुर में ट्रांसपोर्ट से जुड़े थे, जिसके चलते वह वहीं रहते थे। पत्नी सरला के मुताबिक, आठ नवंबर को उन्हें पति की मौत की सूचना मिली।

युवक की मौत,पत्नी ने मांगा न्याय

मियागंज, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मुंशीखेड़ा मजरा कनिगांव में आठ नवंबर को महेश कुमार रावत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पत्नी रूबी ने गांव के तीन लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। रूबी के मुताबिक, आठ नवंबर की रात करीब आठ बजे हरिओम, रामरतन और जागेश्वर पुत्रगण मुल्ला ने उनके पति के साथ मारपीट की थी। थाने में शिकायत करने की बात कहकर महेश बाइक से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। नौ नवंबर की सुबह उनका शव शिवकुमार गंवेल के बाग के सामने मिला। पास में क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल भी पड़ी थी। मामले में रूबी ने एसडीएम हसनगंज को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने, परिवार को सुरक्षा, 20 लाख रुपये मुआवजा, बच्चों की शिक्षा, आवास, पेंशन और दो बीघा भूमि का पट्टा देने समेत मांगें रखीं। मांगों पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

मोबाइल शॉप का ताला तोड़ लाखों का माल चोरी

पुरवा, उन्नाव। मंगतखेड़ा स्थित मोबाइल शॉप का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर एसपी के निर्देश के बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पौंगहा मजरे जगेथा निवासी रुपेश चंद्र मंगतखेड़ा में किराये की दुकान लेकर मोबाइल बिक्री, रिपेयरिंग और रुपये निकालने का काम करते हैं। पीड़ित के मुताबिक, चार नवंबर को वह दुकान बंद कर भाई की दवा लेने लखनऊ गए थे।

पूर्णिमा व छठ को लेकर गंगा घाटों का निरीक्षण

बांगरमऊ, उन्नाव। छठ और कार्तिक पूर्णिमा महापर्व को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। मंगलवार को एसडीएम बृजमोहन शुक्ला और सीओ हर्ष मोदी ने नानामऊ, सरैया समेत प्रमुख गंगा घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश, बैरिकेडिंग, गोताखोरों की तैनाती, नाव, पेयजल और शौचालय की व्यवस्थाएं देखीं। एसडीएम ने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि गहरे पानी वाले स्थानों को चिह्नित कर बैरिकेडिंग कराई जाए तथा पर्याप्त पुलिस बल और गोताखोर तैनात रहें। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। वहीं सीओ ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने, अतिक्रमण हटाने और अराजक तत्वों पर नजर रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने घाटों पर सीसीटीवी, लाउडस्पीकर और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने को भी कहा।

गन्ना लदे ओवर हाईट ट्रकों का कहर जारी

लखीमपुर खीरी। बेहजम से ओयल मार्ग पर इस समय गन्ना लदे ओवर हाईट ट्रकों का कहर जारी है, जो राहगीरों और स्थानीय निवासियों के लिए जान का दुश्मन बना हुआ है। हरगांव शुगर मिल को जाने वाले इन ट्रकों में क्षमता से कहीं अधिक ऊंचाई तक गन्ना भरा जा रहा है। ओवरलोडिंग के इस खेल से सड़कों पर श्सड़क हादसेश् और श्हाई-वोल्टेज करंटश् का दोहरा खतरा मंडरा रहा है, लेकिन जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी आंखें मूंदकर किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रकों में गन्ने को इतनी ऊंचाई तक लादा जा रहा है कि वे सड़कों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के क्रॉस तारों को छू रहे हैं। ट्रकों के टकराने से बिजली के तार टूटने, खंभे उखड़ने और पूरे इलाके में हाई-वोल्टेज करंट फैलने की गंभीर आशंका बनी हुई है। हल्की सी लापरवाही भी किसी बड़ी अप्रिय घटना या जनहानि का सबब बन सकती है।गन्ने से ओवरलोड ये अनियंत्रित ट्रक न सिर्फबिजली के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य राहगीरों, बाइक सवारों और स्कूली बच्चों के लिए भी साक्षात काल साबित हो रहे हैं। आए दिन गन्ने के बंडल सड़कों पर गिरते रहते हैं, जिससे राहगीर चोटिल हो रहे हैं। इसके अलावा, इन भारी-भरकम ट्रकों के कारण बेहजम ओयल मार्ग पर घंटों लंबा जाम लगना अब आम बात हो गई है।

बालक को तेन्दुआ ने बनाया निवाला

लखीमपुर खीरी। खीरी जिले के गोला वन रेंज से एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। जहां पूरा देश और क्षेत्र दिवाली के पावन पर्व के उल्लास में डूबा हुआ था, वहीं गोला वन रेंज के अंतर्गत आने वाले जमुनाबाद फार्म क्षेत्र में एक परिवार की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं।रविवार की शाम घर के बाहर खेल रहे 10 वर्षीय मासूम रोहित पुत्र लालू को एक आदमखोर तेंदुआ जबरन खींचकर गन्ने के खेत में ले गया।वन विभाग और पुलिस की रात भर चली सघन तलाशी अभियान के बाद सोमवार को सुबह मासूम का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है।ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को शाम जब घर में दिवाली के त्योहार की तैयारियां चल रही थीं, तभी रोहित (10 वर्ष) घर के बाहर मौजूद था। इसी बीच घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक रोहित पर हमला कर दिया। तेंदुआ मासूम की टांग पकड़कर उसे पास के ही एक घने गन्ने के खेत की तरफखींचने लगा। बच्चे के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर तुरंत तेंदुए के पीछे दौड़े, लेकिन अंधेरे और गन्ने की ऊंची फसल का फायदा उठाकर तेंदुआ मासूम को काफी दूर घसीट ले गया।

मृतक के पीड़ित परिवारजनों से मिले डा0 कौशल

गोला गोकर्णनाथ खीरी। दिवाली की शाम जमुना बाद में तेंदुआ के हमले में जान गंवाने वाले रोहित के पीड़ित परिवार जनों से मिलकर ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर कौशल वर्मा ने मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। दिवाली के दिन जमुनाबाद शोध केंद्र एवं गांव निवासी लालू के दस वर्षीय बालक रोहित को आतिशबाजी छुड़ाते समय दीवार फांदकर कर आया तेंदुआ उठा ले गया था। इसके तुरंत बाद एकत्र हुए ग्रामीणों की भीड़ ने खेतों में तलाशी अभियान चलाया। किंतु उसका शव नहीं मिल सका। अगले दिन अलग अलग स्थानों पर तीन टुकड़ों में बंटा क्षतविक्षत शव बरामद हुआ था। डॉक्टर कौशल वर्मा ने कहा कि इस दुख की घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ हैं। यह बहुत दु:खद घटना है।इकलौते बेटे को खोने वाले पीड़ित परिवार को अधिकारियों से बात कर सरकारी राहत कोष से मुआवजा राशि दिलवाई जाएगी एवं वन विभाग से वन्य जीवों के हमलों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने का तंत्र बनाने की भी बात की जाएगी।



बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

लखीमपुर-खीरी। मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरना नरायनपुर में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। दबंगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों और तलवार से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें बीच-बचाव करने आए ग्रामीणों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।घायलों में से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।पीड़ित कमलेश सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह ने कोतवाली प्रभारी को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।शिकायती पत्र के अनुसार, घटना 8 नवंबर 2026 की शाम करीब 6 बजे की है। पीड़ित कमलेश सिंह ने बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही दबंग कमलेश सिंह पुत्र बलराम सिंह, शानू सिंह पुत्र दिनेश सिंह, संगम सिंह पुत्र रामवीर सिंह और सुखदेव पुत्र इंद्रपाल सिंह ने उनके घर के सामने आकर गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया।जब पीड़ित ने गाली देने से मना किया, तो पहले से ही घात लगाकर बैठे उक्त आरोपियों ने लाठी-डंडों धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया।चीख-पुकार सुनकर पीड़ित को बचाने दौड़े अशोक सिंह पुत्र राजेश सिंह और रमेश पुत्र रामपाल सिंह को भी दबंगों ने बेरहमी से पीटा। आरोपियों ने डंडों और धारदार हथियार से मारकर तीनों को लहूलुहान कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल अशोक सिंह की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।पीड़ित का कहना है कि घटना के दौरान आरोपी शानू सिंह के हाथ में नंगी तलवार भी देखी गई।हिंसा यहीं नहीं रुकी इसी बीच अपने दरवाजे पर खड़े ग्रामीण सत्यभान सिंह पुत्र रामपाल सिंह को भी दबंगों ने नहीं बख्शा। जबकि सत्यभान का इस पूरे विवाद से कोई लेना-देना नहीं था, आरोपियों ने उन्हें भी गालियां दीं और संगम सिंह ने उनके सिर पर ईंट दे मारी, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने मोहम्मदी कोतवाली में नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

गोवर्धन पूजा पर डीएम ने की पूजा

लखीमपुर खीरी। गोवर्धन पूजा पर्व पर मंगलवार को लखीमपुर खीरी की गोशालाएं आस्था, भक्ति और वात्सल्य से सराबोर नजर आईं। शासन के निर्देश पर डीएम अंजनी कुमार सिंह की पहल पर जिलेभर में गौपूजनोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इसी क्रम में डीएम स्वयं तहसील लखीमपुर के अंतर्गत गो संरक्षण केंद्र लगुचा पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से गौ पूजन किया, उन्हें गुड़, केला एवं हरा चारा खिलाया तथा जनपद की सुख-समृद्धि, शांति एवं सर्वजन कल्याण की कामना की। इस अवसर पर डीएम ने उपस्थित जनसमूह को गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता एवं सहभागिता बढ़ाने का संकल्प दिलाया। कहा कि गोवर्धन पूजा के दिन गो-माता की विशेष पूजा किये जाने की परम्परा है। इसी क्रम में जिले के सभी गौ आश्रय स्थलों पर गो-पूजन का आयोजन हो रहा है, जिसमें गोशाला के नोडल अफसर, बीडीओ एवं आमजन भी शामिल हो रहे हैं।

दीपावली एवं भैय्यादूज

की जनपदवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं

पलिया बस आपरेटर्स एसोशिएशन

पलिया कलां खीरी।

अध्यक्ष	सचिव	कोषाध्यक्ष
सरदार अमरजीत सिंह खैरा	सरदार सतेन्दर पाल सिंह	इन्द्रजीत सिंह गिल

दीपावली एवं भैय्यादूज

की जनपदवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं

बृजेश कुमार त्रिपाठी

ए0डी0एम0, लखीमपुर-खीरी।

विनीत कुमार

ईओ, नगर पंचायत खीरी

दीपावली एवं भैय्यादूज

की जनपदवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं

खजुरिया गौरीफंटा एवं दुधवा

लखीमपुर बस आपरेटर्स एसोशिएशन

पलिया कलां खीरी।

अध्यक्ष	सचिव	कोषाध्यक्ष
सरदार हरी सिंह सन्धू	सरदार जोरा सिंह खैरा	सरदार चरनजीत सिंह खैरा

दीपावली एवं भैय्यादूज की जनपदवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं


ग्राम्य विकास विभाग जनपद लखीमपुर-खीरी

कार्यालय नगर पंचायत पैंतेपुर जनपद सीतापुर

दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

हार्दिक शुभकामनाएं



॥ हम सबका है एक ही नारा, स्वच्छ और सुन्दर हो पैंतेपुर हमारा ॥

नागरिकों से अपील

- पॉलिथीन का प्रयोग दण्डनीय अपराध है। इसका प्रयोग कदापि न करें। यदि
- किसी दुकानदार/व्यक्ति को उपयोग करते पाया गया तो उससे अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा।
- गृहकर जलकर व जलमूल्य व विधि लाइसेंस शुल्क समय पर जमा करना सुनिश्चित करें।
- जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें, तथा नल की टोटी खुली न छोड़े।
- सड़कों/नालियों में इधर-उधर कूड़ा न फेंके। निर्धारित स्थल पर रखे कूड़ेदान में कूड़ा डालें तथा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में लगे ठेलिया वाले कर्मचारी को ही कूड़ा दें जिससे अपना नगर, अपना घर, गली साफ सुथरा रहे।
- खुले में शौच करना दण्डनीय अपराध है। यदि कोई व्यक्ति खुले में शौच करते पाया जाता है तो उससे अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा।
- सभी नागरिकों को समुचित नागरिक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए पंचायत प्रशासन वचनबद्ध है।

प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

नगर आपका है, इसे स्वच्छ और सुन्दर बनाने हेतु अपना अमूल्य सुझाव अवश्य देते रहें

रेणुका यादव
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत पैंतेपुर
जनपद सीतापुर

समस्त सभासदगण

जैनब जहां
अध्यक्ष
नगर पंचायत पैंतेपुर
जनपद सीतापुर